TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar
https://www.facebook.com/teachersofbihar
https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar
www.teachersofbihar.org

2024

16 अक्टूबर 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

अन्याय होने पर चुप रहना अन्याय करने के समान ही है।

**मुंशी प्रेमचन्द**



राकेश कुमार

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 16 अक्टूबर

1. **विश्व खाद्य दिवस–** वैश्विक स्तर पर प्रतिदिन लगभग सात करोड़ लोग रात को भूखे सोते हैं। ग्लोबल हंगर इंडेक्स के अनुसार दुनिया के ग्यारह देशों में खाद्य संकट है। खाद्य संकट से बचाने के लिये संयुक्त राष्ट्र ने 2030 तक का लक्ष्य निर्धारित किया है। संयुक्त राष्ट्र संघ के खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) की स्थापना दिवस 16 अक्टूबर को विश्व खाद्य दिवस के रूप में मनाया जाता है।

2. **बंगाल विभाजन प्रभावी–** बंगाल विभाजन के निर्णय की घोषणा 19 जुलाई, 1905 ई. को कर दी गई थी। एक मुस्लिम बहुल प्रान्त का सृजन करने के उद्देश्य से ही भारत के बंगाल को दो भागों में बाँट दिये जाने का निर्णय लिया गया था। लार्ड कर्जन द्वारा बंगाल विभाजन 16 अक्टूबर, 1905 ई. से प्रभावी हुआ था। इसके विरोध में बंगाल में तीव्र प्रतिक्रिया हुई। बंगाल विभाजन की घटना को इतिहास में 'बंग–भंग' के नाम से जाना जाता है।

3. **वर्ल्ड एनेस्थीसिया डे–** वर्ल्ड एनेस्थीसिया डे को विश्व संज्ञाहरण दिवस या ईथर दिवस के रूप में भी जाना जाता है। दरअसल, विलियम थॅुस ग्रीन मॉर्टन नाम के अमेरिकी दंत चिकित्सक ने पहली बार 16 अक्टूबर, 1846 ई. को डायटाइल ईथर ऐनेस्थेसिया के पहले सफल प्रदर्शन किया था। जिसकी स्मृति में 16 अक्टूबर को दुनियाभर में यह दिवस इसके उपयोग के प्रति जागरूकता हेतु मनाया जाता है। एनेस्थीसिया का उपयोग सर्जरी में निश्चेतक के रूप में किया जाता है। एनेस्थीसिया से पहले मरीजों को 'बाइट द बुलेट' कहा जाता है। किसी घायल मरीज जैसे सैनिक से दर्दभरी सर्जरी के दौरान 'बाइट द बुलेट' कहा जता है। एनेस्थीसिया की वजह से मरीज को सर्जरी के बारे में कुछ याद नहीं रहता है।

Wednesday

/teachersofbihar

Madhu priya

मधु प्रिया

# विश्व खाद्य दिवस 16 अक्टूबर




संयुक्त राष्ट्र का खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) हर साल 16 अक्टूबर को विश्व खाद्य दिवस मनाता है, जिस दिन 1945 में संगठन की स्थापना हुई थी। विश्व खाद्य दिवस पहली बार 16 अक्टूबर 1981 को आयोजित किया गया था। विश्व खाद्य दिवस एक अंतर्राष्ट्रीय दिवस है जो 1945 में संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन की स्थापना की तारीख को मनाने के लिए हर साल 16 अक्टूबर को दुनिया भर में मनाया जाता है। इस दिन को भूख और खाद्य सुरक्षा से संबंधित कई अन्य संगठनों द्वारा व्यापक रूप से मनाया जाता है । विश्व खाद्य कार्यक्रम , विश्व स्वास्थ्य संगठन और कृषि विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय कोष । डब्ल्यूएफपी को भूख से निपटने, संघर्ष क्षेत्रों में शांति में योगदान देने और युद्ध और संघर्ष के लिए हथियार के रूप में भूख के उपयोग को रोकने में अग्रणी भूमिका निभाने के प्रयासों के लिए 2020 का शांति नोबेल पुरस्कार मिला ।विश्व खाद्य दिवस मनाने का खास उद्देश्य कृषि खाद्य उत्पादन पर ध्यान आकर्षित करना और इस उद्देश्य के लिए राष्ट्रीय, द्विपक्षीय, बहुपक्षीय और गैर-सरकारी प्रयासों को प्रोत्साहित करना, विकासशील देशों के बीच आर्थिक और तकनीकी सहयोग को प्रोत्साहित करना, ग्रामीण लोगों, विशेष रूप से महिलाओं और सबसे कम विशेषाधिकार प्राप्त श्रेणियों की उनकी जीवन स्थितियों को प्रभावित करने वाले निर्णयों और गतिविधियों में भागीदारी को प्रोत्साहित करना। दुनिया में भूख की समस्या के बारे में जन जागरूकता बढ़ाना, विकासशील देशों में प्रौद्योगिकियों के हस्तांतरण को बढ़ावा देना; और भूख, कुपोषण और गरीबी के खिलाफ संघर्ष में अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय एकजुटता को मजबूत करना और खाद्य और कृषि विकास में उपलब्धियों पर ध्यान आकर्षित करना।

# पुण्यतिथि विशेष 16 अक्टूबर

राकेश कुमार




**गणेश घोष** Ganesh Ghosh, जन्म- 22 जून, 1900, बंगाल; मृत्यु- 16 अक्टूबर, 1994, कोलकाता) बंगाली भारतीय स्वतंत्रता सेनानी, क्रांतिकारी और राजनीतिज्ञ थे। 'मानिकतल्ला बम कांड' के सिलसिले में इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। 1928 में वे जेल से बाहर निकले और कांग्रेस के कोलकाता अधिवेशन में भाग लिया। सन 1946 में गणेश घोष कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य बन गए थे। वे 1952 में बंगाल विधान सभा के और 1967 में लोकसभा के सदस्य चुने गए।

Teachers of Bihar
The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 16.10.2024

## डिसार्थ्रिया

डिसार्थ्रिया एक भाषण ध्वनि विकार है जो मोटर-भाषण प्रणाली के मोटर घटक की न्यूरोलॉजिकल चोट से उत्पन्न होता है और इसकी विशेषता ध्वनियों की खराब अभिव्यक्ति है । यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें भाषण देने में मदद करने वाली मांसपेशियों के साथ प्रभावी रूप से समस्याएं होती हैं, जिससे अक्सर शब्दों का उच्चारण करना बहुत मुश्किल हो जाता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



**रूस की बैकाल झील को दुनिया की सबसे गहरी झील माना जाती है, बैकाल झील (Lake Baikal) दुनिया की सबसे बड़ी मीठे पानी की झील है, इसमें दुनिया का लगभग 20% सबसे अधिक ताजा पानी है**

स्रोत:
दैनिक भास्कर

# TOB
# खेल कॉर्नर

राकेश कुमार

## CRICKET



## बॉर्डर-गावसकर ट्रॉफी के नतीजे 2014 से

**2014-15**
ऑस्ट्रेलिया
ऑस्ट्रेलिया 2-0 से जीता

**2017**
भारत
भारत 2-1 से जीता

**2018-19**
ऑस्ट्रेलिया
भारत 2-1 से जीता

**2020-21**
ऑस्ट्रेलिया
भारत 2-1 से जीता

**2023**
भारत
भारत 2-1 से जीता

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 468

**भारत के द्वारा इजरायल और हमास के बीच संघर्ष में फंसे भारतीयों को वहां से निकलने के लिए भारत ने कौन सा ऑपरेशन शुरू किया ?**

A. ऑपरेशन संकट मोचन

B. ऑपरेशन एयरलिफ्ट

C. ऑपरेशन गंगा

D. ऑपरेशन अजय



www.teachersofbihar.org

सही उत्तर: D




www.teachersofbihar.org